एमबीए में 'मिसिंग एलिमेंट्स' पर सेमिनार आयोजित

एमबीए में गायब 'तत्त्व', किस तरह एक एमबीए पास को और अधिक रोजगार सक्षम बनाया जाए? इस विषय पर आईआईएम, लखनऊ के नोएडा कैंपस में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य कोर्स की किताबों और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटना था और एमबीए छात्रों को कॉरपोरेट सेक्टर के लिए अधिक से अधिक सक्षम बनाना था। इस मौके पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और आईआईएमएल, नोएडा कैंपस के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए। उद्घाटन भाषण आईआईएमएल, नोएडा कैंपस की प्रोफेसर और डीन पूनम सहगल ने दिया। एमबीए की पढ़ाई में 'क्या काम करता है' और 'क्या काम नहीं करता' की जांच और उसके विश्लेषण के लिए एलिमेंट्स एकेडेमिया ने राष्ट्रीय स्तर पर एक शोध किया। इस शोध में 40 कंपनियों से अधिक के सीएक्सओ/एचआर प्रमुख, 12 शहरों में चल रहे 60 एमबीए/पीजीडीएम कॉलेज और 800 से अधिक एमबीए छात्रों और उम्मीदवारों को शामिल किया गया। इस अवसर पर एलिमेंट्स एकेडेमिया के सीईओ निशांत सक्सेना ने कहा, 'इस सेमिनार के जरिए हम छात्रों की कार्यक्षमता का विस्तार करेंगे। इसके लिए उपयुक्त समाधान ढूंढ़ने पर जोर दिया जाएगा। हम उद्योग जगत से अपील करते हैं कि वह आगे आए और भारत के युवाओं की कार्यक्षमता विस्तार में मदद करे, जिससे देश के बेहतर भविष्य की नींव रखी जा सके।'